# सीखने की संप्राप्ति

आधारित

# प्रश्न कोश

चौथी कक्षा के लिए

# आमुख

## सीखने की संप्राप्ति आधारित प्रलेख

बच्चा विद्यालय में प्रवेश करने से पूर्व अपने निजी अनुभव, परिवेश व विचार से अपनी भाषा गढ़ता है। इस गढ़ी भाषायी पूँजी को विद्यालयीय स्तर पर उपयोग कर, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के अन्तर्गत भाषा के चारों कौशल अर्थात् श्रवण-वाचन-पठन-लेखन के माध्यम से आगे बढ़ाया जाता है।

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली के तत्त्वाधान में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा के अन्तर्गत निर्धारि 2005त पुस्तकों पर आधारित उपलब्धि परीक्षण, सीखने-सिखाने की प्रक्रिया के सरलीकरण, शिक्षार्थी से वाञ्छित उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए सीखने की सम्प्राप्तियाँ कक्षावार निर्धारित की गई हैं। यह प्रलेख राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसन्धान और प्रशिक्षण परिषद्, नई दिल्ली (मानव संसाधन विकास मन्त्रालय, भारत सरकार) के विद्यालयीय शिक्षा के गुणात्मक सुधार की निरन्तरता में सीखने की सम्प्राप्ति आधारित एक प्रयास है।

प्रलेख सम्बन्धी विवरण :

१. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के लिए निर्धारित हिन्दी पाठ्यक्रम से सम्बन्धित है।
२. यह प्रलेख कक्षा प्रथम से आठवीं के सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को ध्यानगत कर, सीखने की सम्प्राप्तियों पर आधारित हैं।
३. इसे सीखने-सिखाने की प्रक्रिया को सरल करने व छात्र केन्द्रित बनाने के उद्देश्य को दृष्टिगत कर सृजित किया गया है।
४. प्रत्येक अध्याय के प्रारम्भ में सम्बन्धित सीखने की सम्प्राप्तियाँ टंकित की गई हैं।
५. इस प्रलेख की विषय-वस्तु, सीखने की सम्प्राप्तियों हेतु सुझावात्मक प्रारुप है। अध्यापक अपने स्तर पर इस सातत्यता/निरन्तरता में निजी प्रयास हेतु स्वतन्त्र है।
६. इसकी संरचना तर्कसंगत और तथ्यपूर्ण है।
७. इस प्रलेख संरचना में स्व-स्व मतिभिन्न विषयक, व्याकरणिक त्रुटि सम्भव है तथा त्रुटिजन्य सुझाव जो सुधीजनों से अपेक्षित, इस प्रलेख को और भी परिमार्जित करने में सहायक सिद्ध होंगे।
८. इस प्रलेख के परिमार्जन में आपके मूल्यवान सुझाव व टिप्पणियाँ, इसके आगामी संस्करण की उत्कृष्टता व गुणवत्ता बढ़ाने में सहायक सिद्ध होगा।

# प्रलेख सृजन समिति

विषय : **हिन्दी (सीखने की सम्प्राप्ति आधारित प्रलेख)** कक्षा : **पहली से आठवीं**

**मुख्य समन्वयक :** **श्रीमती रंजना श्रीवास्तव**
प्राचार्या, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**सृजन समिति :** **सुदेश वधावन**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 45, चण्डीगढ़

**गायत्री सांगवान**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
रायपुर खुर्द, चण्डीगढ़

**अंजू ठाकुर**
संकुल संसाधक समन्वयक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय,
सैक्टर – 38 (वैस्ट), चण्डीगढ़

**बृज रानी**
शिक्षिका, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**दिनेश चन्द्र**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**जसविन्दर कौर**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 22 ए,
चण्डीगढ़

**गजराज सिंह**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, सैक्टर – 53, चण्डीगढ़

**राकेश दहिया**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 38 (वैस्ट),
चण्डीगढ़

**राजकुमार**
शिक्षक, राजकीय आदर्श उच्च विद्यालय, सैक्टर – 12, चण्डीगढ़

**साधना**
शिक्षिका, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

**अजीत**
शिक्षक, राजकीय उच्च विद्यालय, कजहेड़ी, चण्डीगढ़

**पीयूष अग्रवाल**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 28, चण्डीगढ़

**सहयोग :** **श्री सत्यवान**
शिक्षक, राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सैक्टर – 8, चण्डीगढ़

# कक्षा -4
## हिन्दी


| क्रमांक | पाठ सूची | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| 1. | सीखने की संप्राप्ति | 6 |
| 2. | मन के भोले-भाले बादल | 10 |
| 3. | जैसा सवाल वैसा जवाब | 13 |
| 4. | किरमिच की गेंद | 15 |
| 5. | पापा जब बच्चे थे | 17 |
| 6. | दोस्त की पोशाक | 19 |
| 7. | नाव बनाओ नाव बनाओ | 21 |
| 8. | दान का हिसाब | 23 |
| 9. | कौन | 26 |
| 10. | स्वतंत्रता की ओर | 28 |
| 11. | थप्प रोटी थप्प दाल | 30 |
| 12. | पढ़क्कू की सूझ | 32 |
| 13. | सुनीता की पहिया कुर्सी | 34 |
| 14. | हुदहुद | 36 |
| 15. | मुफ़्त ही मुफ़्त | 38 |
| 16. | उपलब्धि पत्रक | 40 |

## सीखने की संप्राप्ति

## कक्षा 4

---

H401. दूसरों द्वारा कही जा रही बात को ध्यान से सुन कर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते और प्रश्न पूछते हैं।

H402. सुनी रचनाओं की विषयघटनाओं वस्तु-, चित्रो, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं /प्रश्न पूछते हैं, अपनी राय देते हैं अपनी बात के लिए तर्क देते हैं।

H403. कहानी कविता अथवा अन्य सामग्री को अपनी तरह से अपनी भाषा में कहते हुए उसमें अपनी कहानी/बात जोड़ते हैं।

H404. भाषा की बारीकियों पर ध्यान देते हुए अपनी भाषा गढ़ते और उसका इस्तेमाल करते हैं।

H405. विविध प्रकार की सामग्री )जैसे- समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक, बाल पत्रिका आदि( में आए प्राकृतिक, सामाजिक एवं अन्य संवेदनशील बिंदुओं को समझते और उन पर चर्चा करते हैं।

H406. पढ़ी हुई सामग्री और निजी अनुभवों को जोड़ते हुए उसने उनसे उभरी संवेदनाओं और विचारों की (मौखिक /लिखित) अभिव्यक्ति करते हैं।

H407. अपनी पाठ्यपुस्तक से इतर सामग्री )बाल साहित्य/समाचार पत्र के मुख्य शीर्षक बाल पत्रिका होर्डिंग्स आदि को समझकर पढ़ते हैं।

H408. अलग अलग तरह की रचनाओं मे आए शब्दों को संदर्भ में समझकर उनका अर्थ ग्रहण करते हैं।

H409. पढ़ने के प्रति उत्सुक रहते हैं और पुस्तक कोना/पुस्तकालय से अपनी पसंद की किताबों को स्वयं चुनकर पढ़ते हैं।

H410. पढ़ी रचनाओं की विषयवस्तु घटना-ओं, चित्र, पात्रों, शीर्षक आदि के बारे में बातचीत करते हैं/ प्रश्न पूछते हैं, अपनी राय देते हैं, अपनी बात के लिए तर्क देते हैं।

H411. स्तरानुसार अन्य विषयों, व्यवसायों कलाओं) जैसे- गणित, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, नृत्यकला, चिकित्सा आदि( में प्रयुक्त होने वाली शब्दावली की सराहना करते हैं।

H412. भाषा की बारीकियों जैसे शब्दों की पुरनावृति शब्दावली, सर्वनाम, विशेषण, जेंडर, वचन आदि के प्रति सचेत रहते हुए लिखते हैं।

H413. किसी विषय पर लिखे हुए शब्दों के बारीक अंतर को समझते हुए समझते हुए सराहते हैं और शब्दों का उपयुक्त प्रयोग करते हुए लिखते हैं।

H414. विभिन्न स्थितियों और उद्देश्यों (बुलेटिन बोर्ड पर लगाई जाने वाली सूचना सामान की सूची कविता कहानी चिट्ठी आदि) के अनुसार लिखते हैं।

H415. स्वेच्छा से या शिक्षक द्वारा तय गतिविधि के अंतर्गत लेखन की प्रक्रिया के बेहतर समझ के साथ अपने लेखन को जाँचते हैं और लेखन के उद्देश्य और पाठक के अनुसार लेखन में बदलाव करते हैं।

H416. अलग अलग तरह की रवहनाओं में आए नए शब्दों को संदर्भ में समझ कर उनका लेखन में इस्तेमाल करते हैं।

H417. विभिन्न उद्देश्यों के लिए लिखते हुए अपने लेखन में विराम- चिन्ह जैसे- पूर्ण विराम, अल्प विराम, प्रश्नवाचक चिन्ह का सचेत इस्तेमाल करते हैं।

H418. अपनी कल्पना से कहानी, कविता, वर्णन आदि लिखते हुए भाषा का सृजनात्मक प्रयोग करते हैं।

**विषय- हिन्दी**

**कक्षा- चौथी**

| मास | पाठयक्रम | सीखने की संप्राप्ति |
|---|---|---|
| अप्रैल | **पाठ -1**<br>मन के भोले-भाले बादल<br><br>**पाठ-2**<br>जैसा सवाल वैसा जवाब | H402, H404, H406, H408, H410, H413-18<br><br>H401, H408, H410-14, H418 |
| मई | **पाठ-3**<br>किरमिच की गेंद<br><br>**पाठ-4**<br>पापा जब बच्चे थे | H406, H408, H412, H414, H415, H417, H418<br><br>H402-04, H408, H410, H412-14, H418 |
| जुलाई | **पाठ-5**<br>दोस्त की पोशाक<br><br>**पाठ-6**<br>नाव बनाओ नाव बनाओ | H401-04, H410, H412, H413<br><br>H401-04, H406, H410, H412, H413, H418 |
| अगस्त | **पाठ-7**<br>दान का हिसाब | H401-06, H410, H411, H413, H416 |
| अक्तूबर | **पाठ-8**<br>कौन<br><br>**पाठ-9**<br>स्वतंत्रता की ओर | H401-03, H408, H410, H416<br><br>H401-03, H410 |
| नवम्बर | **पाठ-10**<br>थप्प रोटी थप्प दाल<br><br>**पाठ-11**<br>पढ़क्कू की सूझ | H401-04, H408, H410, H411, H413<br><br>H401-04, H408, H410, H412, H414, H417, H418 |

| | | |
|---|---|---|
| दिसम्बर | **पाठ-12**<br>सुनीता की पहिया कुर्सी<br><br>**पाठ-13**<br>हुदहुद | H403, H405, H406, H408, H412, H414, H416, H418<br><br>H403, H406, H408, H410, H412, H413, H417, H418 |
| जनवरी | **पाठ-14**<br>मुफ़्त ही मुफ़्त | H406, H410 , H412, H413 |
| फ़रवरी | दोहराई | |

**कक्षा 4**

## 1. मन के भोले-भाले बादल

**सीखने की संप्राप्ति :H402, H404, H406, H408, H410, H413-18**

प्रश्न 1. निम्नलिखित पंक्तियों को ध्यान से पढ़ें-



रह-रहकर छत पर आ जाते
फिर चुपके ऊपर उड़ जाते।
कभी-कभी ज़िद्दी बन करके
बाढ़ नदी-नालों में लाते।
फिर भी लगते बहुत भले हैं
मन के भोले-भाले बादल।

सोचो व बताओ-

क) बादल नदी-नालों में बाढ़ कैसे लाते है?

ख) बादलों को ज़िद्दी क्यों कहा गया है?

प्रश्न 2. कविता में बादलों के लिए कौन-कौन से शब्दों का प्रयोग किया गया है? नीचे लिखे अधूरे शब्दों को पूरा करें-

ज़ि ........................ तू ........................

शै ........................ मत ........................

प्रश्न 3. वर्षा होने पर कौन क्या-क्या करता है?

बच्चे - ..........................................................................................

मोर - ..........................................................................................

बादल - ..........................................................................................

प्रश्न 4. सही उत्तर पर (✓) निशान लगाएँ-

क) बादल नदी-नालों में क्या लाते है?

सूखा [ ]  बाढ़ [ ]  हिमपात [ ]

ख) बादलों के गाल कैसे है?

बॉल जैसे [ ]  पारियों जैसे [ ]  गुब्बारे जैसे [ ]

ग) बच्चे नाव किसकी बनाते हैं?

प्लास्टिक की [ ]  कागज़ की [ ]  लोहे की [ ]

प्रश्न 5. वर्षा और बादलों का चित्र बनाओ। वर्षा होने पर तुम क्या-क्या करते हो? लिखो-

| | |
|---|---|
| | ……………………………………………………………<br>……………………………………………………………<br>……………………………………………………………<br>……………………………………………………………<br>…………………………………………………………… |

प्रश्न 6. निम्नलिखित शब्दों की सहायता से पंक्तियाँ पूरी करें-

| |
|---|
| आँख के तारे , मज़हब, मन के, एक है, नन्हें फूल, तकरार, भगवान |

बच्चे …………………… सच्चे

सारे जग के ……………………

ये वो …………………… है जो

…………………… को लगते प्यारे

भाषा की …………………… नहीं

…………………… की दीवार नहीं

इनकी नजरों मे ……………………

मंदिर मस्जिद गुरुद्वारे

**कक्षा 4**

## 2. जैसा सवाल वैसा जवाब

**सीखने की संप्राप्ति :H401, H408, H410-14, H418**

प्रश्न 1. सही उत्तर चुनकर (✓) का निशान लगाएँ-

क) बादशाह का क्या नाम था?

बीरबल ☐ अकबर ☐ ख्वाजा सरा ☐

ख) ख्वाजा ने बीरबल से कितने प्रश्न पूछे?

एक ☐ दो ☐ तीन ☐

ग) दरबार में किसकी तूती बोलती थी?

बीरबल ☐ अकबर ☐ ख्वाजा सरा ☐

प्रश्न 2. गोला लगे शब्दों के विपरीत शब्द लिखकर वाक्य पुन: लिखें-

क) मेरा उत्तर (गलत) है।

..........................................................................................

ख) पानी (ठंडा) है।

..........................................................................................

ग) बीरबल बड़ा (बुद्धिमान) बनता है।

..........................................................................................

प्रश्न 3. "बादशाह के उन प्रश्नों को सुनकर बीरबल के (छक्के छूट) जाएंगे।"

इस पंक्ति में छक्के छूट जाना मुहावरा है। नीचे दिए गए मुहावरों को वाक्य में प्रयोग करें-

कलई खुलना - ..........................................................................................

तूती बोलना - ..........................................................................................

प्रश्न 4. वाक्य बनाओ-

विश्वास - ..........................................................................................

दुनिया - ..........................................................................................

बुद्धि - ..........................................................................................

कोशिश - ..........................................................................................

प्रश्न 5. किसने, किससे कहा?

क) "ऐसे गोलमोल जवाबों से काम नहीं चलेगा।"

.................................................. ने ............................................... से कहा।

ख) "संसार का केंद्र कहाँ है?"

.................................................. ने ............................................... से कहा।

प्रश्न 6. निम्नलिखित प्रश्नों का जवाब दें-



क) फ़ीते से हम क्या-क्या नाप सकते हैं?

____ ______________ ____________ _______________ _

____ ______________ ____________ _______________ _



ख) हम किन-किन चीज़ों का केंद्र पता कर सकते हैं?

____ ______________ ____________ _______________ _

____ ______________ ____________ _______________ _



ग) तारों को गिनना मुश्किल है। कुछ और चीजों के नाम बताओ जिनको गिनना मुश्किल है?

____ ______________ ____________ _______________ _

____ ______________ ____________ _______________ _

**कक्षा 4**

## 3. किरमिच की गेंद

**सीखने की संप्राप्ति :H406, H408, H412, H414, H415, H417, H418**

प्रश्न 1. "अरे अरे, बेटा कहाँ जा रहा है? बाहर लू चल रही है।" दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते एकदम ज़ोर से बोलीं। परंतु दिनेश रुका नहीं। उसने पैरों में चप्पल भी नहीं पहनी। जून का महीना था। धरती तवे की तरह तप रही थी। पर दिनेश को पैरों के जलने की भी चिंता नहीं थी। वह जहाँ से आवाज़ आई थी, उसी ओर भाग चला।

क) 'लू' क्या होती है?

ठंडी हवा ☐ धूप ☐ गर्म हवा ☐

ख) जून के महीने में अधिक गर्मी होती है। किस महीने में अधिक ठंड होती है?

.......................................................................................................................

ग) माँ के मना करने पर भी दिनेश क्यों नहीं रुका?

.......................................................................................................................

घ) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्दों को छाँटकर लिखिए-

अंदर - .............................. जलना - ..............................

आकाश - .............................. रुकना - ..............................

प्रश्न 2. अल्प विराम (,) पूर्ण विराम (।) प्रश्नवाचक चिन्ह(?) विस्मयादिबोधक चिन्ह (!) लगाएँ-

फिर कौन खरीद सकता है नई गेंद दिनेश ने सुधीर अनिल अरविंद आनंद दीपक सभी के नाम मन में दोहराए। यदि गेंद खरीदी भी है तो इस दोपहरी में इसे नीचे कौन फेंकेगा

प्रश्न 3. स्कूटर की जालीदार टोकरी में गेंद गिरी और तेजी से चलते हुए स्कूटर के साथ गेंद भी चली गई। स्कूटर वाले ने घर पहुँच कर गेंद का क्या किया होगा?

.......................................................................................................................

.......................................................................................................................

प्रश्न 4. चित्रों से उचित मिलान करें-

| | |
|---|---|
| <br>चटाई | दो या दो से अधिक लोगों का समूह |
| <br>क्लब | धूप, सर्दी, बरसात से बचने के लिए |
| <br>चिक | बैठकर खाना खाने या लेटने के लिए |

प्रश्न 5. क) रेखांकित शब्दों के लिंग बदलकर वाक्य पुन: लिखें-

(i) दिनेश की माँ मशीन चलाते-चलाते एकदम जोर से बोलीं।

......................................................................................................................

(ii) तेरे पापा तुझे गेंद लाने के लिए पैसे नहीं दे रहे हैं।

......................................................................................................................

(iii) जब बड़े भैया की शादी हुई थी न, तभी सुनील ने मेरी गेंद छत पर से नीचे फेंक दी थी।

......................................................................................................................

ख) रिक्त स्थान भरो-

(i) दिनेश ने जल्दी-जल्दी ............................ के पौधों को उलटना-पटलना आरंभ किया। (भिंडी/भिंडियों)

(ii) नई चमचमाती किरमिच की ............................ पड़ी है। (गेंद/गेंदें)

(iii) वहाँ दो-चार ............................ ही दिखाई पड़ीं। (गाय/गायें)

**कक्षा 4**

**4. पापा जब बच्चे थे**

**सीखने की संप्राप्ति : H402-04,  H408, H410, H412-14, H418**

प्रश्न 1. उचित मिलान कीजिए-

| **शब्द** | **चित्र** |
|---|---|
| शंटिंग |  |
| चौकीदार |  |
| अभिनेता |  |
| फ़ौजी |  |
| पायलट |  |

प्रश्न 2.  निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

(i) चौकीदार क्या-क्या कार्य करता है?

..................................................................................................................

(ii) शंटिंग की आवश्यकता क्यों होती है?

..................................................................................................................

(iii) आपके विचार से क्या पापा का बार-बार इरादा बदलना ठीक था? तर्कपूर्ण जवाब दें।

..................................................................................................................

प्रश्न 3.  निम्नलिखित वाक्यों में संज्ञा और सर्वनाम शब्द छाँटें-

| | संज्ञा | सर्वनाम |
|---|---|---|
| (i) वह चौकीदार बनना चाहते थे। | ............................ | ............................ |
| (ii) मैं मुफ्त में आइसक्रीम दिया करूँगा। | ............................ | ............................ |
| (iii) उन्होंने अभिनेता बनने की सोची। | ............................ | ............................ |

प्रश्न 4.  निम्नलिखित शब्दों को वाक्य में प्रयोग कीजिए-

मुफ़्त,  अचानक,  मज़ेदार,  इंसान।

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

..........................................................................................................................

प्रश्न 5. आपके विचार में एक अच्छे इंसान के क्या गुण होते हैं?

उत्तर – ईमानदार होना।

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

.....................................................................

प्रश्न 6. अपने पिता जी के बारे मे कुछ पंक्तियाँ लिखो।

## कक्षा 4

## 5. दोस्त की पोशाक

**सीखने की संप्राप्ति: H401-04, H410, H412, H413**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

क) नसीरूद्दीन का जमाल साहब से क्या रिश्ता था?

.....................................................................................................................

ख) आप अच्छे लगने के लिए कौन-सी पोशाक पहनते हो?

.....................................................................................................................

ग) "इन्होंने जो अचकन पहनी है उसके बारे में मैं चुप ही रहूँ तो अच्छा है।" नसीरूद्दीन का क्या ऐसा कहना ठीक था? अपने जवाब के पक्ष में तर्क दीजिए।

.....................................................................................................................

प्रश्न 2. शब्दों का वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

कम - .....................................................................

काम - .....................................................................

नम - .....................................................................

नाम - .....................................................................

तन - .....................................................................

तान - .....................................................................

प्रश्न 3. विशेषण शब्दों को पहचान कर लिखिए-

क) पुराना दोस्त - .................................

ख) भड़कीली अचकन - .................................

ग) मीठा आम - .................................

प्रश्न 4. पहले क्या, बाद में क्या?

- क) तुमने जैसा चाहा, मैंने वैसा ही तो कहा। ☐
- ख) "चलो दोस्त, मोहल्ले में घूम आएँ।" ☐
- ग) गलती हो गई अब ऐसा नहीं कहूँगा। ☐
- घ) उसके बारे में मैं चुप ही रहूँ तो अच्छा है। ☐

प्रश्न 5. अपने मित्र का परिचय अपने परिवार के सदस्यों से कैसे करवाओगे?

## 6. नाव बनाओ नाव बनाओ

**सीखने की संप्राप्ति: H401-06, H410, H412, H413, H418**

प्रश्न 1. पढ़ो और बताओ-

गुल्लक भारी, अपनी खोलो,
हल्की मेरी, नहीं टटोलो,
पैसे नए-नए ही रोलो,
फिर बाज़ार लपक तुम लाओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ।

क) तुक वाले शब्दों को ढूँढ़कर लिखो।

.......................................................................

ख) पैसे से आप क्या-क्या करते हैं?

.......................................................................

ग) पंक्तियों में वह शब्द बताओ जो एक दूसरे के विपरीत है।

.......................................................................

घ) दी गई पंक्तियाँ किस कविता से हैं?

.......................................................................

प्रश्न 2. शुद्ध शब्दों पर गोला लगाओ-

| | | |
|---|---|---|
| गुलक | गुल्लक | गूलक |
| रंगीला | रगीला | रंगिला |
| मुझो | मूझको | मुझको |
| बुँद | बुदों | बूँदों |

प्रश्न 3. निम्नलिखित पंक्तियों में सर्वनाम शब्दों पर गोला लगाएँ-

क) तुम रस का सागर भर लाओ।

ख) हल्की मेरी नहीं टटोलो।

ग) क्यों? तब फिर यह किसके बस का?

घ) ऐसे में तुम भी लहराओ।

प्रश्न 4. कैंची, चुटकी, हाथ चलाओ।
भैया मेरे, जल्दी आओ॥

क) कैंची से क्या काटा होगा?

कपड़ा ☐ कागज़ ☐ धागा ☐

ख) भैया को जल्दी क्यों बुलाया गया है?

खाना खाने के लिए ☐ बरसात में नहाने के लिए ☐ नाव बनाने के ☐ लिए

प्रश्न 5. समान अर्थ वाले शब्दों को मिलाएँ-

| | |
|---|---|
| घर | आँख |
| नेत्र | सुस्ती |
| आलस | भैया |
| भाई | नाव |
| नौका | गृह |

प्रश्न 6. चित्र को देखकर चर्चा करें-


आसमान से बरसी
आफत
हिमाचल में 12 वाहन बहे, कई मकान गिरे
150 सड़कें बंद होने से चंबा देश से कटा
09 हाईवे बंद
378
08
पंजाब में बिगड़े हालात, कैप्टन अमरिंदर ने बुलाई आपात बैठक

## 7. दान का हिसाब

**सीखने की संप्राप्ति क्रमांक : H401-06, H410, H411, H413, H416**

प्रश्न 1 किसने, किससे कहा?

i) “सभी की सहायता करते-करते जब राजभंडार खत्म हो जाएगा तब खुद मैं ही दिवालिया हो जाऊँगा।”
............................... ने ............................... से कहा।

ii) “ थोड़ा-सा धन ज़रूरतमंदों को मिल जाए तो उन दुखियों की जान बच जाएगी।”
............................... ने ............................... से कहा।

iii) “ मैं लोभी नहीं हूँ।”
...............................ने ............................... से कहा।

iv) “ यदि संन्यासी को इतने रुपए दे दिए तब तो राजकोष खाली हो जाएगा।”
............................... ने ...............................से कहा।

प्रश्न 2. सही शब्द चुनकर रिक्त स्थान भरें-

( वक्त, राजभंडार, भंडारी, धन, अकाल, हुक्म )

i) ............................... से हमारी सहायता करने की कृपा करें।

ii) दान के ............................... उनकी मुट्ठी बंद हो जाती थी।

iii) मैं अधिक ................................ का क्या करूँगा?

iv) ................................ हिसाब करने बैठ गया।

v) आपने भिक्षा देने का ................................ दिया है।

vi) ................................ का प्रकोप फैलता ही जा रहा था।

प्रश्न 3. <u>8 नवंबर, 2016</u> के बाद जारी भारतीय नोटों पर छपी तस्वीरें पहचानिए और सही (✓) का निशान लगाइए-

i) 2000 रुपये के नोट पर तस्वीर है-

क) सूर्य मंदिर, कोणार्क

ख) रानी की वाव, गुजरात

ग) मंगलयान





ii) 500 रुपये के नोट पर तस्वीर है-

क) लाल किला, दिल्ली

ख) हम्पी का रथ, कर्नाटक

ग) साँची स्तूप, मध्य प्रदेश





iii) 200 रुपये के नोट पर तस्वीर है-

क) लाल किला, दिल्ली

ख) मंगलयान

ग) साँची स्तूप, मध्य प्रदेश

Reverse (Back)




iv) 100 रुपये के नोट पर तस्वीर है-

क) रानी की वाव, गुजरात

ख) लाल किला, दिल्ली

ग) मंगलयान



प्रश्न 4. गद्यांश को पढ़कर आगे दिए प्रश्नों के उत्तर दीजिये-

राजा के आदेश के अनुसार राजभंडारी प्रतिदिन हिसाब करके संन्यासी को भिक्षा देने लगा। इस तरह दो दिन बीते, दस दिन बीते। दो सप्ताह तक भिक्षा देने के बाद भण्डारी ने हिसाब करके देखा कि दान में काफ़ी धन निकला जा रहा है। यह देखकर उन्हें उलझन महसूस होने लगी। महाराज तो कभी किसी को इतना दान नहीं देते थे। उसने यह बात मंत्री को बताई।

i) राजा के आदेश के अनुसार राजभंडारी प्रतिदिन किसको भिक्षा देने लगा?

ii) राजभंडारी की उलझन क्या थी?

iii) 'दान' शब्द का वाक्य में प्रयोग करो।

## 8. कौन

**सीखने की संप्राप्ति क्रमांक : H401-03, H408, H410, H416**

प्रश्न 1. कविता की पंक्तियाँ पूरी करें-

किसने बटन हमारे कुतरे?

किसने स्याही को बिखराया?

………………………………

………………………………

प्रश्न 2. रेखांकित शब्दों को शुद्ध करके लिखिए-

i) कौन **<u>काबाड़ी</u>** है जो कूड़ा, दुनिया भर का घर भर जाता?

ii) कौन रात भर **<u>गड़बड़ा</u>** करता? हमें नहीं देता है सोने।

iii) बच्चों उसका नाम बताओ, कौन **<u>शरारता</u>** है कर जाता?

प्रश्न 3. दिए गए शब्दों के बहुवचन रूप वर्ग पहेली से ढूँढे और लिखें-

| | | | |
|---|---|---|---|
| त | च | ट | क |
| स् | प् | प | जू |
| वी | प | न् | ते |
| रें | लें | ने | ट |

i) तस्वीर - ………………………

ii) चप्पल - ………………………

iii) पन्ना - ………………………

iv) जूता - ………………………

प्रश्न 4. कौन-कौन से जीव-जंतु आपकी घरेलू चीजों को नुकसान पहुँचाते हैं?

प्रश्न 5. पद्यांश पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

दोना खाली रखा रह गया
कौन ले गया उठा मिठाई?
दो टुकड़े तसवीर हो गई
किसने रस्सी काट बहाई?

i) क्या खाली रह गया?
ii) मिठाई कौन उठा ले गया?
iii) 'किसने रस्सी काट बहाई?' वाक्य से प्रश्नसूचक शब्द छाँटिए।

## कक्षा 4

## 9. स्वतंत्रता की ओर

**सीखने की संप्राप्ति क्रमांक H401-03, H410**

प्रश्न 1 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) महात्मा गांधी का आश्रम कहाँ स्थित था?

ii) गांधी जी के आश्रम में सब को कोई न कोई काम करना होता था। कोई तीन कार्य बताइए?

iii) रसोई घर में धनी की माँ क्या कर रही थी?

iv) ‘नमक कर’ के विरोध में गांधी जी ने किस स्थान की यात्रा की?

v) ‘धनी का काम था बिन्नी की देखभाल करना।’ बिन्नी कौन थी?

प्रश्न 2. विलोम शब्दों का मिलान कीजिए-

| | |
|---|---|
| अकलमंद | निर्धन |
| खोलना | बुद्धू |
| जवाब | अन्याय |
| न्याय | सवाल |
| धनी | बाँधना |

प्रश्न 3. नवीकरणीय और अनवीकरणीय ऊर्जा के संसाधनों को छाँटिए -

सौर ऊर्जा, कोयला, पवन ऊर्जा, लकड़ी

| नवीकरणीय | अनवीकरणीय |
|---|---|
| | |

प्रश्न 4. धनी सोच कर परेशान हो रहा था “गांधीजी तो थक जाएँगे। वे दाँडी बस या ट्रेन से क्यों नहीं जा सकते?”

आप कहीं जाने के लिए कौन-कौन से यातायात के साधनों का प्रयोग करते हैं?

प्रश्न 5. निम्नलिखित वाक्यों में क्रिया शब्द पर गोला लगाओ।

i) बूढ़ा बिंदा आलू खोद रहा था।

ii) मैं नौ साल का हूँ और आपसे तेज दौड़ सकता हूँ।

iii) बिन्नी और मैं आपका इंतजार करेंगे।

प्रश्न 6. निम्नलिखित पात्रों के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखिए-

i) महात्मा गांधी

ii) धनी

iii) बिंदा

प्रश्न 7. *"मैं बहुत अच्छे से चलता हूँ", गांधी जी ने कहा।*

*"मैं भी बहुत अच्छे से चलता हूँ", धनी भी अड़ गया।*

क्या आप भी धनी की तरह अपनी बात के पक्ष में तर्क देते हैं? किसी घटना का वर्णन करें।

**कक्षा 4**

## 10. थप्प रोटी थप्प दाल

**सीखने की संप्राप्ति : H401-04, H408,  H410, H411, H413**

प्रश्न 1 निम्नलिखित वाक्यों को सही क्रम में लिखिए-

i) बुला लो | लोगों | उन | भी | को

ii) मक्खन | दे | उसे | दो

iii) बिल्ली | की | अचानक | सुनाई | पड़ती | है | मैं | म्याऊँ

iv) सारे | बच्चे | पीछे-पीछे | भागते हैं | हुए | मचाते | शोर

प्रश्न 2. उचित मिलान करें-

| | |
|---|---|
| आटा | पुस्तक भंडार |
| किताबें | आटा चक्की |
| मिठाई | परचून की दुकान |
| राशन | हलवाई की दुकान |

प्रश्न 3. शुद्ध रूप लिखिए-

दीखाई बजार अभीनय जिभ

प्रश्न 4. तुकबंदी वाले शब्द छाँटकर लिखिए-

मुन्नी - वाह, खूब चलाया मट्ठा,
देखूँ यह मीठा या खट्टा।
सरला - क्या देखोगी!
इस मट्ठे का बढ़िया स्वाद,
खाकर सब करते हैं याद।

प्रश्न 5. निम्नलिखित शब्दों में चंद्रबिंदु लगाकर लिखिए-

सहेलिया, आख, हस, मुह

प्रश्न 6. आप अपने साथियों के साथ कौन-कौन से खेल खेलते हैं?

प्रश्न 7. घर पर खाना बनाने में आप किस प्रकार मदद करते हैं?

## कक्षा 4

## 11. पढ़क्कू की सूझ

**सीखने की संप्राप्ति : H401-04, H408, H410, H412, H414, H417, H418**

प्रश्न 1. पंक्तियाँ पढ़कर उत्तर दें-

घंटी टुन-टुन खूब बजेगी, तुम न पास आओगे,
मगर बूँद भर तेल साँझ तक भी क्या तुम पाओगे?
मालिक थोड़ा हँसा और बोला कि पढ़क्कू जाओ,
सीखा है यह ज्ञान जहाँ पर, वहीं इसे फैलाओ।

i) घंटी कैसे बजेगी?

ii) 'साँझ' शब्द के समान अर्थ वाले अन्य दो शब्द लिखें।

iii) मालिक ने पढ़क्कू से क्या कहा?

प्रश्न 2. बैल कोल्हू में चलने के अलावा और किस-किस काम में हमारी मदद करता है?

प्रश्न 3. निम्नलिखित पंक्तियों को अपने शब्दों में लिखो-

i) बैल घूमता है कोल्हू में कैसे बिना चलाए?
ii) सीखा है यह ज्ञान जहाँ पर, वहीं इसे फैलाओ।

प्रश्न 4. बिंदु ( ं) और चंद्रबिंदु ( ँ) का प्रयोग करें-

घटी बूद हसा साझ पूछ

प्रश्न 5. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए-

i) आभूषण बनाने वाला।

ii) मिट्टी के बर्तन बनाने वाला।

iii) खेती-बाड़ी का काम करने वाला।

iv) रोगी का ईलाज़ करने वाला।

प्रश्न 6. पंक्तियाँ पूरी करो-

एक पढ़क्कू बड़े तेज़ थे, ..................................................,

.................................................., वहाँ भी नई बात गढ़ते थे।

एक रोज़ वे पड़े फ़िक्र में ..................................................,

“बैल घूमता है कोल्हू ..................................................?”

**कक्षा 4**

## 12. सुनीता की पहिया कुर्सी

**सीखने की संप्राप्ति : H403, H405, H406, H408, H412, H414, H416, H418**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के सही उत्तर पर (✓) निशान लगाएँ-

i) सुनीता __________________ नहीं सकती थी।
पढ़-लिख ☐ देख-सुन ☐ चल-फिर ☐

ii) 'छोटू' शब्द किस बच्चे के लिए कहा गया है?
अनीता ☐ अमित ☐ सुनीता ☐

iii) सुनीता ने माँ से कौन-सी बोतल पकड़ाने को कहा?
दूध की ☐ अचार की ☐ पानी की ☐

iv) सुनीता को किसका व्यवहार अच्छा नहीं लगा?
माँ ☐ दुकानदार ☐ छोटू ☐

प्रश्न 2. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-

i) जहाँ पहुँचना कठिन हो

………………………………………………

ii) ऐसी कुर्सी जिसमें पहिए लगे हो

………………………………………………

iii) दुकान, जहाँ पर चीनी, दालें, राशन मिलता है

………………………………………………

iv) शारीरिक या मानसिक रूप से अक्षम

………………………………………………

प्रश्न 3. आप घर पर किस-किस काम में अपनी माँ की मदद करते हैं?

प्रश्न 4.  सुनीता जैसे विशेष जरूरत वाले बच्चों के साथ आप कौन-कौन से खेल खेलोगे?

प्रश्न 5.  संज्ञा शब्दों के आगे विशेषण शब्द लगाओ-

| मीठी, छोटा, सुंदर, अच्छा, खट्टा |
|---|

| **विशेषण शब्द** | **संज्ञा शब्द** |
|---|---|
| अच्छा | व्यवहार |
| …………….. | अचार |
| …………….. | चीनी |
| …………….. | फूल |
| …………….. | कद |

**कक्षा 4**

## 13. हुदहुद

**सीखने की संप्राप्ति: H403, H406, H408, H410, H412, H413, H417, H418**

प्रश्न 1. शब्दों का उनके सही अर्थ से मिलान करें-

| | |
|---|---|
| आकाश | चालाक |
| चतुर | सलाह |
| परामर्श | खानदान |
| वंश | आसमान |
| कलगी | ताज |

प्रश्न 2. हुदहुद पक्षी को 'पदुबया' किस वजह से कहते हैं?

प्रश्न 3 नीचे दिए गए वाक्यों को विशेषण शब्दों से पूरा करो-

i) कोयल की ................................ बोली होती है।

ii) मोर की ................................ गर्दन होती है।

iii) हुदहुद की चोंच ................................ होती है।

iv) मोर के सिर पर ................................ कलगी होती है।

प्रश्न 4. हुदहुद एक बहुत ही सुंदर पक्षी है। इसके शरीर का सबसे सुंदर भाग इसके सिर की कलगी होती है। वैसे तो यह इसे समेटे रहता है। पर जैसे ही किसी तरह की आवाज़ होती है, यह चौकन्ना होकर परों को फैला लेता है। तब यह कलगी देखने में हू-ब-हू किसी सुंदर पंखी जैसी लगने लगती है।

i) हुदहुद के शरीर का सबसे सुंदर भाग कौन-सा है?

ii) कलगी कैसी दिखती है?

iii) हुदहुद अपने परों को कब फैला लेता है?

प्रश्न 5. नीचे दिए गए शब्दों को अलग-अलग अर्थ में प्रयोग करें-

i) सोना -
सोना -

ii) पर -
पर -

प्रश्न 6. नीचे दिए गए वाक्यों को कहानी के अनुसार क्रम से लगाएँ-

☐ हुदहुद के सिर पर सोने की कलगी निकाल आई।

☐ बादशाह उड़नखटोले पर बैठे कहीं जा रहे थे।

☐ आज से तुम्हारे सिर का ताज सोने का नहीं, सुंदर परों का होगा।

☐ मैंने गिद्धों से भी मदद माँगी थी।

प्रश्न 7. अपने मनपसंद पक्षी के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखिए।

**कक्षा 4**

## 14. मुफ़्त ही मुफ़्त

**सीखने की संप्राप्ति: H406, H410 , H412, H413**

प्रश्न 1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए-

i) भीखू भाई खेत में किस पेड़ के नीचे जाकर बैठ गए?

ii) नारियल को न छोड़ने के लिए ऊँटवाले ने भीखू भाई को कितने रुपये की पेशकश की?

iii) मंडी में नारियल कितने रुपये का था?

प्रश्न 2. एक से अनेक बनाएँ-

| | |
|---|---|
| पैसा - | तुम्हारा - |
| मंडी - | इतना - |
| घोड़ा - | झूला - |

प्रश्न 3. अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखें-

i) घोड़े की सवारी करने वाला।

ii) समुद्री जहाजों के ठहरने की जगह।

iii) संस्था जो पैसे जमा करती है और ऋण देती है।

iv) पेड़-पौधों की देखभाल करने वाला।

प्रश्न 4. पढ़ें और उत्तर दें-

i) राष्ट्रीय फल ................................

ii) राष्ट्रीय वृक्ष ................................

iii) राष्ट्रीय पशु ................................

iv) राष्ट्रीय पक्षी ................................

v) राष्ट्रीय ध्वज़ ................................

प्रश्न 5. किसने, किससे कहा?

i) “ना जी ना। दो रुपये, सही दाम।”

| | ने | | से |
|---|---|---|---|

ii) “अरे, काका। मुफ्त में चाहिय न?”

| | ने | | से |
|---|---|---|---|

iii) “काका! काका! कसके पकड़े रहना, हाँ।”

| | ने | | से |
|---|---|---|---|

प्रश्न 6. भीखू भाई के बारे में कुछ पंक्तियाँ लिखिए।

प्रश्न 7. विराम-चिह्न लगाएँ-

i) अरे भाई एक नारियल कितने में दोगे

ii) सौ और दो सौ बाप रे बाप तीन सौ रूपये

# उपलब्धि पत्रक
## (सुझावात्मक)

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| संकुल (क्लस्टर) क्रमांक | | | विद्यालय नाम | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| छात्र नाम | | | अनुक्रमांक | | | | | | कक्षा | | | | | | | | | | | |
| सीखने की संप्राप्ति विवरण | अप्रैल | | मई | | जुलाई | | अगस्त | | सितम्बर | | अक्टूबर | | नवम्बर | | दिसम्बर | | जनवरी | | फरवरी | |
| छात्र उपस्थिति ⇨ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| परिमापक ⇩ | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड | अंक | ग्रेड |
| कविता/कहानी वाचन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| चर्चा (जैसे वार्तालाप चित्र चित्रण) | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| वर्णमाला | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| मात्राएँ | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| पुस्तक पठन | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| व्याकरण | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
| रचनात्मक अभिव्यक्ति | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |

नोट ग्रेड रिपोर्ट कार्ड के अनुसार :